भारत - पलाऊ गणराज्य संबंध

मनीला स्थित भारतीय मिशन को प्रशांत क्षेत्र के दो द्वीपीय देशों : पलाऊ गणराज्य और माइक्रोनेशिया संघीय राज्य की समवर्ती रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है। भारत प्रशांत द्वीप समूह फोरम के साथ नियमित वार्ता भी करता रहा है, जिसके ये दोनों देश सदस्य हैं।

दक्षिण - दक्षिण सहयोग की भावना में तथा संयुक्त महाराष्ट्र के एस आई डी एस फोरम के माध्यम से भी भारत तथा दोनों देशों के बीच संबंध विकसित हुए हैं। भारत ने भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आई टी ई सी) के माध्यम से क्षमता निर्माण एवं मानव संसाधन विकास में इन देशों की मदद करना जारी रखा है, तथा हर साल माइक्रोनेशिया को तीन स्लाट और पलाऊ को दो स्लाट की पेशकश कर रहा है। भारत एफ आई पी आई सी के सभी देशों की तरह प्रत्येक देश को 2,00000 अमरीकी डालर का वार्षिक अनुदान देता है।

पलाऊ गणराज्य



पलाऊ का भौगोलिक क्षेत्रफल 458 वर्ग किलोमीटर है तथा इसकी आबादी 20,796 है (2009 के आंकड़ों के अनुसार)।

भारत ने अप्रैल, 1995 में पलाऊ के साथ राजनियक संबंध स्थापित किए। इसके बाद से, पलाऊ गणतंत्र सरकार के प्रशासनिक प्रतिनिधियों एवं राजनीतिक नेतृत्व के साथ नियमित विचार विमर्श होते रहे हैं। भारत - प्रशांत द्वीप सहयोग मंच की शुरुआत के बाद इससे संबंधों में काफी प्रगाढ़ता आई है। पलाऊ के राष्ट्रपति ने जयपुर में आयोजित द्वितीय एफ आई पी आई सी के लिए अगस्त 2015 में भारत का दौरा किया।

भारत से हाल की विकास सहायता में 45वें प्रशांत द्वीप मंच एवं संबंधित बैठकों के आयोजन में पलाऊ की मदद करने के लिए जून 2014 में 167610 अमरीकी डालर का अनुदान और सुपर टाइफून हैयान के आलोक में आपदा राहत के लिए 50,000 अमरीकी डालर की सहायता शामिल है।

पलाऊ भारत को महत्व प्रदान करने संबंधी मुद्दों, विशेषकर अंतरराष्ट्रीय संगठनों में भारत की उम्मीद्वारी का समर्थन करता रहा है। उन्होंने 2011-12 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अस्थायी सदस्यता के लिए भारत की उम्मीदवारी का समर्थन किया है।

इस समय पलाऊ एवं भारत के बीच व्यापार बहुत कम है जिसकी वजह यह है कि पलाऊ का बाजार सीमित है (आबादी मात्र 20,000 है) और प्रमुख व्यापार ट्रांजिट प्वाइंट से हवाई संपर्क पर्याप्त नहीं है (पलाऊ केवल मनीला और गुवाम के जरिए हवाई मार्ग से जुड़ा है)। 2014-15 में भारत ने 0.07 मिलियन अमरीकी डालर मूल्य के मुख्य रूप से फार्मास्युटिकल का निर्यात किया, जबकि 2013-14 में 0.03 मिलियन अमरीकी डालर मूल्य के माल का निर्यात किया गया था। इस समय पलाऊ में लगभग 20 भारतीय नागरिक हैं तथा एक भारतीय रेस्तरां है।

***

जनवरी, 2016